नवभारत टाइम्स, फरीदाबाद, शुक्रवार, 28 अप्रैल 2017

## 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

एनबीटी न्यूज, पलवल: रास्ता रोक कर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। दीघोट गांव निवासी फतेहराम ने बताया कि 17 अप्रैल को रास्ता रोककर उसके साथ दीघोट निवासी अर्जुन, जगबीर, गोविंद, निर्मल, सतु और सुकन ने मारपीट की।

## नकली मार्क लगाकर बेच रहे थे पानी

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की फरीदाबाद टीम ने चरखी दादरी में नकली आईएसआई मुहर लगा कर पानी बेचने वाली कंपनी पर छापामारी की। इस दौरान टीम ने यहां से भारी संख्या नकली आईएसआई मुहर लगी पानी की बोतलें बरामद की हैं। बीआईएस फरीदाबाद शाखा प्रमुख सुनील कुमार दिलबागी ने बताया कि चरखी दादरी स्थित ग्राम बिलावल में उन्हें आईएसआई की नकली मुहल लगाकर पानी बेचने की सूचना मिली। मौके पर भारी मात्रा में 1 लीटर की बोतलें और आईएसआई मुहर बरामद की है।

## ऑफिस बंद कर जा रहे शख्स को पीटा

वस, फरीदाबाद : शराब पीकर गाली गलौज कर रहे युवकों ने ऑफिस बंद कर जा रहे एक शख्स को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। दौलताबाद निवासी अभिषेक का ओल्ड चौक पर गंगा लाल मार्केट में ऑफिस है। मंगलवार रात 11:30 बजे वह अपने दोस्त दयानंद के साथ ऑफिस में बैठे थे। आरोप है कि जब वह ऑफिस से निकले तो ओल्ड फरीदाबाद निवासी नरेंद्र उर्फ कालू, कमल, कपिल और छह सात अन्य लोग नशे में ऑफिस के सामने खड़े होकर गाली गलौच कर रहे थे। इसके बाद नरेंद्र उर्फ कालू, कमल, कपिल व अन्य ने डंडो व रॉड से हमला कर दिया और मारपीट कर धमकी देने लगे। लोगों के आने पर सभी फरार हो गए। दयानंद घायल अभिषेक को उपचार के लिए मेट्रो हॉस्पिटल लेकर गया और पुलिस को सूचना दी गई।